हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 38 .2 डिग्री
न्यूनतम 20 .8 डिग्री

11 श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी- दुविधा का हलः जैन



12 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विजेता हुए सम्मानित



## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

**गोहाना।** शहर में रोहतक रोड स्थित ड्रेन आठ के पास तेज रफ्तार बाइक ने 11 साल के बच्चे की टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे की मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। दोनों को गांव खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। शहर में ड्रेन आठ के पास रहने वाले विनोद का बेटा कुनाश (11) शहर में ड्रेन के पास रोहतक रोड की तरफ आया था। वह पैदल घर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। बाइक गांव खानपुर कलां का मनीष चला रहा था। दोनों घायल हो गया। उनको बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया। वहां पर कुनाश को मृत घोषित कर दिया गया।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना गोहाना की पुलिस ने चोरी की बाइक चोरी की घटना में पानीपत चुंगी के निकट रहने वाले सहजिब उर्फ मिर्जा को गिरफ्तार किया। उससे बाइक भी बरामद की गई। न्यायालय के आदेश पर उसको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मूल रूप से उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर और हाल में शहर में पानीपत चुंगी के निकट रहने वाले अब्दुल ने 13 नवंबर 2023 को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके घर के बाहर से बाइक चोरी कर ली गई। बाइक उसके भाई के नाम पर है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। जांच अधिकारी दीवान चंद ने पुलिस टीम के साथ बाइक चोरी की घटना में आरोपित सहजिब को गिरफ्तार किया।

### सूने मकान से नकदी व जेवर चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के कबीरपुर स्थित बंद घर के ताले तोडकर चोर नकदी व आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार गुरुग्राम में शीतला माता मंदिर में दर्शन करने गया था। वापस लौटने पर चोरी का पता लगा। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
कबीरपुर स्थित मसाला मार्केट निवासी राकेश राणा ने बताया कि वह 16 अप्रैल की रात को अपने परिवार सहित शीतला माता मंदिर गुरुग्राम में दर्शन करने गए थे। जब वह बृहस्पतिवार को घर पहुंचे तो उनके घर के ताले टूटे हुए थे। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो उनके घर से 20 हजार रुपये, चांदी की पाजेब, कड़ा, दो जोड़ी चुटकी व डीवीआर चोरी मिली। उन्होंने चोरों का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन जानकारी नहीं मिल सकी। जिस पर पुलिस को अवगत कराया।


## पांच साल की बच्ची की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या का आरोप, मां और सौतले पिता के खिलाफ केस दर्ज

### तन्वी को आठ माह पूर्व पहले पति से अपने साथ लेकर आई थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र में पांच साल की बच्ची से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या करने के आरोप का मामला सामने आया है। बच्ची के पिता ने हत्या का आरोप बच्ची की मां व व्यक्ति पर लगाया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बच्ची के पिता के बयान पर आरोपित बच्ची की मां व उसके पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।
इंडियन कॉलोनी निवासी फिरोज खान ने बताया कि उसकी शादी करीब 12 साल पहले रविना निवासी पटेल नगर के साथ हुई थी।

मेरा क्या कसूर...



■ इंडियन कॉलोनी निवासी फिरोज खान का रविना से लगभग दो साल पहले तलाक हो गया था। दंपति की दो बच्चियां थी

■ फिरोज का आरोप रविना 18 अप्रैल को करीब 7.30 बजे मेरे मामा अमजद निवासी मोहन नगर के घर पर तन्वी को मृत अवस्था में लेकर पहुंची

### मारपीट के चलते कई जगह से नीला पड़ चुका था शरीर

करीब दो साल पहले रविना के साथ तलाक हो गया था। उसकी पत्नी रविना ने दो लड़कियों को जन्म दिया। बड़ी लड़की का नाम तन्नू व छोटी लड़की का नाम तन्वी (5) है। करीब आठ महीने पहले मेरे घर से मेरी लड़की तन्वी को दो दिन के लिए कहकर लेकर चली गई। गत 18 अप्रैल को करीब 7.30 बजे मेरे मामा अमजद निवासी मोहन नगर के घर पर तन्वी को मृत अवस्था में लेकर पहुंची। उसके मामा ने मामले को लेकर अवगत करवाया। उसकी पत्नी के साथ एक लड़का भी था। उसकी बेटी के शरीर पर नील के निशान पड़े हुए थे।

### मिलीभगत से हत्या का आरोप

उसकी बेटी तन्वी की पीट-पीटकर हत्या कर रखी है। उसकी बेटी तन्वी की रविना व पंकज उर्फ केडी ने मिली भगत करके उसकी लड़की की हत्या की है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां से चिकित्सक ने उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी सेठी मलिक ने बताया कि दोनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## आरटीई के तहत दाखिला देने में आनाकानी, भड़के अभिभावक

- अभिभावकों ने लगाया आरोप, कई स्कूलों ने घोषित नहीं किया ड्रा
- कई स्कूल ऐसे भी, जहां ड्रा तो हुआ लेकिन दाखिले नहीं दे रहे
- अभिभावकों ने ज्ञापन सौंपा, ड्रा सार्वजनिक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम यानि की आरटीई के तहत बच्चों को दाखिलों को लेकर घमासान मचा हुआ है। जिले भर के अभिभावक इस मामले में परेशान हैं और आए दिन न्याय की गुहार लगा रहे हैं। अभिभावकों का निजी स्कूलों पर आरोप है कि निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं। कई स्कूलों ने तो वीरवार को ड्रा ही नहीं निकाला, वहीं जिन स्कूलों में ड्रा निकाला गया था। उनमें से अधिकतर दाखिलों के लिये आनाकानी कर रहे हैं। परेशान अभिभावकों ने शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन भी किया। यहां पर जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत देते हुए ड्रा सार्वजनिक करवाए जाने और दाखिलों की मांग उठाई गई।

### ये बोले अभिभावक

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही छात्र अभिभावक संघ की अध्यक्ष प्रवेश कुमारी ने बताया कि आरटीई के तहत निजी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करवाने के लिए अभिभावकों ने आवेदन किए थे। शेड्यूल के अनुसार दाखिले के लिए प्राप्त आवेदनों में से 18 अप्रैल को ड्रा निकालने की तिथि थी। आरोप है कि अधिकतर स्कूलों ने ड्रा ही नहीं निकाला। जिन स्कूलों ने ड्रा निकाला, उनमें से भी कई स्कूल ड्रा में नाम आने के बावजूद विद्यार्थी को दाखिला नहीं दे रहे। यही नहीं अभिभावकों को ड्रा की सूची भी नहीं दिखाई जा रही। जिससे अभिभावकों में रोष है। अभिभावकों ने डीईओ से मामले में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की मांग की है। डीईओ को ज्ञापन देने वालों में पूजा, पूनम, अंजु, वैशाली, तनुजा, सुनीता, राखी, नेहा, कोमल, रचना, राजेश, अजय कुमार, मदन, लक्ष्मी, पवन कुमार सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे।



चंडीगढ़। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते अभिभावक।

### कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिलों का प्रावधान

बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को दाखिला देना अनिवार्य है। प्रत्येक स्कूल में 25 फीसदी सीटें आरक्षित की गई है। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। जिसके लिए एक से 15 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलाई गई थी। वहीं आवेदन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब 18 अप्रैल को प्राप्त आवेदनों में से ड्रॉ निकाला गया था। जिसके आधार पर चयनित विद्यार्थियों को 22 अप्रैल तक सीट अलॉट करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी किसी स्कूल में सीटें रिक्त रह जाती हैं तो प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों का दाखिला किया जाएगा।

### चिराग योजना में भी हो रहे एडमिशन

दूसरी ओर चिराग योजना के तहत भी दाखिला प्रक्रिया जारी है। इस योजना के तहत जिले के 35 स्कूलों के नाम शामिल किए गए थे। 31 मार्च तक प्राप्त आवेदनों के उपरांत चौथी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के दाखिले लिये जा रहे हैं। सोनीपत के गन्नौर खंड में 2, गोहाना में 6, कथूरा में 2, खरखौदा में 10, मुडलाना में 5, राई में 2, सोनीपत में 8 स्कूल चयनित किए गए थे।

### मुख्य मांगें

- निजी स्कूलों में आरटीई को पूरी तरह से लागू करवाया जाए
- 18 अप्रैल को निकाले गए ड्रॉ की लिस्ट सार्वजनिक की जाए। इसे डीईओ या बीईओ कार्यालय में चस्पा किया जाए, ताकि कोई भी अभिभावक अपने बच्चे का नाम आसानी से देख सके।
- जिन बच्चों का सीटें होने के बावजूद ड्रॉ में नाम नहीं आया, उसका कारण स्पष्ट करवाया जाए
- ड्रा में नाम आने के बाद भी दाखिला देने में आनाकानी करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाए

## गन्नौर के लिए मुसीबत बनें ओवरलोड डंपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शहर में मिट्टी से ओवरलोड भारी वाहनों का परिचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में 24 घंटे ओवरलोड वाहनों का धड़ल्ले से परिचालन हो रहा है। ओवरलोड वाहन आसानी से खुबडू रोड से रेलवे रोड के रास्ते अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में जाते हैं। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होन से वाहन मालिक बिना किसी डर के वाहनों का परिचालन कर रहे हैं। लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के लिए डाली जा रही मिट्टी स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ओवरलोड डंपरों से लगातार मिट्टी सड़कों पर गिर रही है। मिट्टी को ढकने के लिए डंपरों पर तिरपाल भी नहीं लगाई जा रही है। तेज गति से सड़कों पर दौड़ रहे डंपर मिट्टी व धूल के गुबार पीछे छोड़ रहे हैं। शहर के लोगों का कहना है कि मिट्टी से भरे डंपर दिन रात सड़कों पर दौड़ाए जा रहे हैं। ये सड़कों पर मिट्टी व धूल का गुबार पीछे छोड़ जाते हैं। डंपर पर न तो तिरपाल की व्यवस्था की गई है और न ही चालक सावधानी बरत रहे हैं इससे हादसे होने का भय भी लोगों में बना हुआ है। वहीं प्रशासन भी कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है।

### बीते सप्ताह पांच वाहनों के काटे थे चालान

इस बारे में इनफोर्समेंट इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि आरटीओ टीम के साथ पिछले सप्ताह भी गन्नौर में पांच ओवरलोड भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग पूरी तरह से सख्त है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## सात दिन के रिमांड पर फर्जी कॉल सेंटर चलाने का आरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली स्थित सोसाइटी के फ्लैट पर छापा डालकर गन्नौर क्राइम यूनिट की टीम ने फर्जी कॉल सेंटर चलाने के आरोप में पांच आरोपितों को पकड़ा था। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

### ऐसे करते थे ठगी

आरोपी कॉल सेंटर के माध्यम से विदेशी कस्मटर्स को सर्विस का झांसा देकर उनके साथ ठगी करते थे। गन्नौर क्राइम यूनिट में नियुक्त एसआई मनीष की टीम ने कुंडली की लेक ग्रुव सोसाइटी में डापा डालकर पांच आरोपित पकड़े थे। जिनमें महाराष्ट्र के वेस्ट मुंबई स्थित अंबरनाथ के मोहन नैनो एस्टेट निवासी होजेफा मामाजीवाला, मुंबई के ठाणे वेस्ट स्थित अमरनाथ खुनलवली खास निवासी जुनैद खान, पश्चिमी विहार निवासी गुनीत सिंह, इंडिया बुल्स दौलताबाद गांव सैन्ट्रम पार्क गुरुग्राम निवासी मधुर मेहता व सेक्टर-11 रोहिणी निवासी साहिल थे।
उनका साथी रोहिणी दिल्ली निवासी नीरज राणा भाग गया था। पुलिस ने पांचों को अदालत में पेश कर सात दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस का कहना है कि उनसे मिले सामान की जांच की जा रही है। मोबाइल की सीडीआर भी निकलवाई जाएगी। आरोपितों के लिंक खंगाले जा रहे है।



■ मोबाइल की सीडीआर निकलवाई जाएगी। आरोपितों के लिंक खंगाले जा रहे

## हथियार से मां और भाई पर हमला

**गन्नौर।** दातौली गांव में एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई व मां पर तेज हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायल भाई ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में गांव दातौली के रहने वाले प्रवेज ने बताया कि 18 अप्रेल को उसका छोटा भाई जावेद, मां मनिजा व उसकी पत्नी तराबु के साथ झगड़ा कर रहा था। जब उसने जावेद को झगडा करने से मना किया तो उसने घर मे पड़े लोहे के दा से उस पर हमला कर दिया।
**धमकी देकर भाग निकला :** जब उनकी मां बीच बचाव करने लगी तो जावेद ने उसक पर भी हथियार से हमला कर घायल कर दिया। झगड़े का शोर सुन कर जब पड़ोसी आने लगे तो जावेद उन्हें जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गया। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने प्रवेज की शिकायत पर आरोपित जावेद के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## किसान आंदोलन के चलते, 9 ट्रेन रद, 8 का मार्ग बदला, दिनभर परेशान होते रहे यात्री

### अंबाला में किसानों का रेल रोको आंदोलन, प्रभावित रहा रेल यातायात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अंबाला में किसानों ने रेल रोको आंदोलन छेड़ा हुआ है, जिसके चलते दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर यातायात पूरी तरह से प्रभावित है। शुक्रवार को तीसरे दिन भी रेल यातायात पूरी तरह से बाधित रहा। शुक्रवार को दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर नौ ट्रेनें रद्द कर दी गई तो आठ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। जो ट्रेनें चल रही हैं, उनमें सामान्य से अधिक भीड़ रही। रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यात्री पूछताछ केंद्र पर ट्रेनों के आने के बारे में पता करते रहे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनैतिक) के आह्वान पर अंबाला में किसानों की तरफ से रेलवे ट्रैक जाम किया गया है। जिस कारण तीन दिन से रेलवे यातायात बाधित है। लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन बाधित होने के कारण यात्रियों को अपनी यात्रा निरस्त करनी पड़ रही है। टिकट खिड़की पर टिकट कैंसिल करवाने वालों की भीड़ लगने लगी है।

### ट्रैक जाम होने से यातायात बाधित

किसानों के रेलवे ट्रैक जाम करने के कारण रेलवे यातायात बाधित है। लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द करना पड़ रहा है या फिर मार्ग परिवर्तित कर चलाना पड़ रहा है। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है।
दीपक कुमार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे






**घंटों का इंतजार :** ट्रेनों के रद्द रहने से यात्रियों को दूसरी ट्रेनों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जब तक किसान ट्रैक से नहीं हटते, तब तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

### यह ट्रेनें रद

अप लाइन

| गाड़ी संख्या | ट्रेन |
|---|---|
| 14507 | बठिंडा एक्सप्रेस |
| 12459 | नई दिल्ली-अमृतसर इंटरसिटी एक्सप्रेस |
| 12497 | शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस |
| 12057 | जन शताब्दी एक्सप्रेस |
| 14033 | जम्मू मेल |
| 14053 | हिमाचल एक्सप्रेस |
| डाउन लाइन | |
| 14508 | बठिंडा एक्सप्रेस |
| 12460 | अमृतसर-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस |
| 12498 | शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस |

### इन ट्रेनों के मार्ग में किया परिवर्तन

| ट्रेन संख्या ट्रेन का नाम | स्थिति |
|---|---|
| 11078 झेलम एक्सप्रेस | लुधियाना से नई दिल्ली के बीच मार्ग परिवर्तित किया |
| 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस | लुधियाना से पुरानी दिल्ली के बीच मार्ग परिवर्तित किया |
| 11058 दादर एक्सप्रेस | लुधियाना से नई दिल्ली के बीच मार्ग परिवर्तित किया |
| 12920 मालवा सुपरफास्ट | लुधियाना से नई दिल्ली के बीच मार्ग परिवर्तित किया |
| 14034 जम्मू मेल | स्नेहवाल से अंबाला के बीच मार्ग परिवर्तित किया |
| 14054 हिमाचल एक्सप्रेस | मोरिंडा जंक्शन से अंबाला के बीच मार्ग परिवर्तित किया |
| 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस | पुरानी दिल्ली से लुधियाना के बीच मार्ग परिवर्तित किया |

## डस्टर चालक से तेल डलवाने के पैसे मांगे तो सुरक्षाकर्मी का लाइसेंसी हथियार छीनकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र बहालगढ़ रोड पर स्थित भारत पैट्रोल पंप शिव शंकर फिलिंग स्टेशन पर गाड़ी में तेल डलवाकर रुपये न देने व गनमैन का लाइसेंसी हथियार लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में कार चालक व उसके साथी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### बोले- पैसे नहीं देंगे

गांव शादीपुर निवासी विकास ने बताया कि वह भारत पेट्रोल पंप पर बतौर गनमैन के पद पर तैनात है। गत 19 अप्रैल को करीब 4.45 बजे पंप पर बतौर डयूटी पर तैनात था। पंप पर डस्टर गाड़ी तेल डलवाने के लिए आया। सैल्समैन अरूण शर्मा निवासी देवीवाड़ा मोहल्ला ने उनके कहने पर एक हजार रुपये का डीजल डलवाया।
कहने लगे कि पेटीएम से बिल का अदा करेगें। गाड़ी में तेल डलवाने के बाद रुपये देने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने रुपये नहीं दिए। कार सवार युवक कहने लगे कि रुपये नहीं देगें तो क्या कर लेगें। गाड़ी रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी। उसने अपने लाइसेंसी असला डोगा से ड्राइवर साइड में शीशे पर मारा। उनकी गाड़ी का शीशा टूट गया। गाड़ी चालक ने उसे डोगा छीन लिया।




■ बहालगढ़ रोड पर स्थित शिव शंकर फिलिंग स्टेशन पर वारदात से पुलिस में हड़कंप

### वाहन लेकर फरार

उसके बाद गाड़ी लेकर बहालगढ़ की तरफ फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में कार सवार युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एसआई अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पंप व क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।


बर्फीले तेंदुए अन्य शेरों व तेंदुओं की तरह गुर्रा नहीं सकते।


घोड़े 17 तरीके से अपना चेहरा हिला या बना सकते हैं जोकि मनुष्यों से सिर्फ 10 ही कम है।

# ग्राफिक डिजाइनर एक प्रचलित करियर ऑप्शन



नालेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## कौन होता है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## जरुरी योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ग्राफिक डिजाइनर कैसे बनें

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निन्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## इससे रोचक और शानदार काम कोई और नहीं

# खूबसूरत नजारों को कैद करने के शौकीन हैं तो फोटोग्राफी में बना सकते हैं करियर



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में लोगों के लिए अपने सही करियर का चयन करना मुश्किल हो जाता है। व्यक्ति 12वीं कक्षा पास करने के बाद विचलित हो जाता है कि उसे कौन से रास्ते का चयन करते हुए किस लक्ष्य पर पहुंच रहा है। इसके बारे में जानकारी नहीं होती है फोटोग्राफी आज के समय का और भविष्य के लिए एक उभरता हुआ करियर ऑप्शन माना जाता है। तस्वीर के माध्यम से अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करना बेहद रोचक होता है और ऐसे में हर व्यक्ति अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करने के लिए फोटोग्राफी और फोटोग्राफर की मदद लेते हैं। ऐसे में आप फोटोग्राफर बन कर अपनी सेवा लोगों को दे सकते हैं और बेहतर पैसा कमा सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फोटोग्राफर कैसे बने, इसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।



## कौन होता है फोटोग्राफर

फोटोग्राफर एक काम है, जिसे प्रोफेशन के नाम से भी पहचानते हैं। ऐसा एक्स पार्ट 2 किसी भी विशेष अवसर पर तस्वीर खींचता है,उसे फोटोग्राफर कहते हैं। फोटोग्राफर एक प्रोफेशन के तौर पर बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय क्षेत्र माना जाता है। जो उम्मीदवार शुरुआत से ही फोटो को पसंद करते हैं या फोटोग्राफी को पसंद करते हैं तो उन लोगों के लिए यह क्षेत्र जिसमें उम्मीदवार अपना करियर बना सकते हैं। फोटोग्राफी से संबंधित कोर्स करके और कैमरा उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल करके व्यक्ति अपने करियर को समा सकता है। क्योंकि फोटोग्राफी के विकल्प दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भविष्य के लिए भी फोटोग्राफर बनना एक बेहतरीन साबित हो सकता है।

**करियर स्कोप :** जब कोई भी व्यक्ति पढ़ाई करते हुए फोटोग्राफर की उपाधि हासिल कर लेता है। यानी कि डिप्लोमा और डिग्री पूरी करके फोटोग्राफर बन जाता है तो उसके पश्चात उम्मीदवार को कैरियर में जॉब के तौर पर कौन से क्षेत्र में नौकरी मिल जाती है। इसके बारे में सूची नीचे प्रदान कराई गई है।
***फिल्म प्रोडक्शन हाउस, एडवरटाइजिंग एजेंसीज, इंडस्ट्रीयल एंड मीडिया इंस्टीट्यूट, प्रोफेशनल फोटो स्टूडियो, एनजीओ, स्पोर्ट्स, टीवी एंड न्यूज चैनल, न्यूज पेपर एंड मैगजीन, फैशन शो एंड बुटिक्स, इवेंट आर्गेनाइजेशन।***

## सेवा के साथ-साथ बेहतर कमाई



## फोटोग्राफर बनने के लिए जरूरी योग्यता और स्किल

- *उम्मीदवार के पास फोटो खींचने का एक अद्भुत टैलेंट होना चाहिए उम्मीदवार की नजर एकदम सटीक होनी चाहिए कि किसी भी विशेष मूवमेंट को आसानी से वह कैप्चर कर सकें।*
- *उम्मीदवार के पास एक टेक्निकल स्किल होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है। जिसके माध्यम से वह अपने कैमरा और फोटो इसको स्टूडियो को बेहतर तरीके से मैनेज कर सके उम्मीदवार के पास सॉफ्टवेयर प्रोग्राम की नॉलेज होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है।*
- *उम्मीदवार को फोटोग्राफी कला मैं अपने लेवल को बढ़ाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि यहां पर अपने ग्राहक को खुश करना और यूनिक तरीके से फोटोग्राफर के तौर पर जिम्मेदारी निभाना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। आपके पास अनुभव की क्रिएटिविटी होना बहुत जरूरी है।*
- *कम्युनिकेशन स्किल्स हर बिजनेस और और कैरियर के क्षेत्र में बहुत जरूरी होती है। कम्युनिकेशन स्किल्स के माध्यम से ही आप अपने ग्राहक के साथ बेहतर तरीके से बात कर सकते हैं और हर प्रॉब्लम का सलूशन ढूंढ सकते हैं।*
- *फोटोग्राफर के लिए जरूरी डिप्लोमा करने के लिए आपके पास 12वीं कक्षा का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। 12वीं कक्षा सर्टिफिकेट नहीं है। तब भी आप प्रैक्टिस कर के फोटोग्राफर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं।*
- *भारत के बाहर की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आपको एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होता है और उसके पश्चात कि आपको वहां पर उस एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से चयनित किया जाता है।*
- *विश्व की अन्य यूनिवर्सिटी में शामिल होने के लिए भी आपको कार्य अनुभव आना जरूरी है।*

## सैलरी

फोटोग्राफर की कोई भी फिक्स सैलरी नहीं होती है। आपको अपने टैलेंट के आधार पर यहां पैसा कमाना होता है। फोटोग्राफर की अनुमानित सैलरी की बात करें,तो सालाना फोटोग्राफर 5,00,000 से 10,00,000 रुपये आराम से कमा सकता है और अपने टैलेंट और अनुभव के दम पर उम्मीदवार इससे अधिक पैसा भी कमा सकते हैं।

## इस प्रक्रिया का पालन करें

- फोटोग्राफर बनने के लिए सबसे पहले उम्मीदवार को 12वीं कक्षा पास करने के बाद फोटोग्राफी के लिए जरूरी डिप्लोमा लेना होगा।
- डिप्लोमा लेने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले कॉलेज में एडमिशन के लिए आवेदन करना है।
- कॉलेज से पहले उम्मीदवार को कई प्रकार के एंट्रेंस एग्जाम जैसे कि एसओपी, एलओआर, आइलेट, टोफेल, सैट इनमें से किसी भी एक एंट्रेंस एग्जाम में एग्जाम देना होगा और उसके पश्चात आपको कॉलेज मिलता है।
- कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को किसी डिप्लोमा का चयन करते हुए उस डिप्लोमा में अच्छे से पढ़ाई करके आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट हासिल करना है।
- फोटोग्राफी के लिए डिप्लोमा 3 महीने से लेकर 12 महीने की अवधि तक उपलब्ध करवाए जाते हैं।
- इस अवधि के दौरान आप पढ़ाई करके डिप्लोमा की डिग्री हासिल कर सकते हैं।
- डिप्लोमा की डिग्री लेने के बाद आपको प्रैक्टिस पर मुख्य रुप से ध्यान देना होगा। क्योंकि प्रैक्टिस ही इंसान के अनुभव को बढ़ाती है। प्रैक्टिस के बिना आप अधूरे हैं।
- जब आप की प्रैक्टिस अच्छे तरीके की हो जाती है तो उसके पश्चात आप अपने टैलेंट को दुनिया के सामने ला सकते हैं और अब भविष्य में अपने करियर को सक्सेस करने के लिए आपको कई प्रकार के पोर्टफोलियो या फिर सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने टैलेंट और स्किल्स को दुनिया के सामने पेश करना होगा।
- आपके काम को देख कर अधिक से अधिक लोग आप से संपर्क कर सकें और आपकी पहचान बढ़ सके। फोटोग्राफी का काम पहचान पर ही निर्भर होता है।
- फोटोग्राफी के काम में पहचान ही आपको ज्यादा काम दिलाने में मदद करती है।

## डिप्लोमा या डिग्री जरूरी

ऐसे तो बस 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद भी उम्मीदवार फोटो खींचने में माहिर हो सकता है। फोटो खींचना इतना मुश्किल काम नहीं है। लेकिन एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए आपके पास डिप्लोमा और डिग्री होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए विश्व भर में बहुत सारे ऐसे कॉलेज मौजूद है। जो अलग-अलग प्रकार के डिप्लोमा उपलब्ध करवा रहे हैं। फोटोग्राफी के लिए लोकप्रिय डिप्लोमा कोर्स की जानकारी आप ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।

**भारत में टॉप कॉलेज :** ऐसे तो भारत में जनसंख्या के आधार पर बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है। लेकिन भारत के टॉप कॉलेज की बात की जाए तो फोटोग्राफी के लिए भारत के टॉप कॉलेज की सूची नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है। दिल्ली कॉलेज ऑफ फ़ोटोग्राफ़ी (नई दिल्ली), द लाइट एंड लाइफ एकेडमी (ऊटी), कॉलेज ऑफ़ आर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली (नई दिल्ली), मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया (नई दिल्ली), एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (नोएडा), आईआईपी अकादमी, दिल्ली, केएस अकादमी ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़िक आर्ट्स, तमिलनाडु, विजुअल आर्ट्स फैकल्टी बीएचयू।

# जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा के साथ–साथ कौशल भी जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

शिक्षा और कौशल, दोनों ही मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधुनिक युग में, शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है जो व्यक्ति को समझदार बनाता है, सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करता है, और समाज में साझा ज्ञान को बढ़ावा देता है। हालांकि, कौशल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कौशलों के बिना, शिक्षा की कोई महत्व नहीं होती। कौशल व्यक्ति को वास्तविक जीवन में समस्याओं का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं, और उन्हें अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। शिक्षा के बिना भी कौशल से सफलता प्राप्त की जा सकती है, लेकिन कौशल बिना शिक्षा की अधिक विश्वसनीयता होती है।

## हमारी शिक्षा प्रणाली थ्योरी आधारित

एक व्यक्ति जो कुशल हो, वह अपनी शिक्षा के स्तर से ऊपर उठ सकता है और अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त कर सकता है। इसलिए, समाज को अपने शैक्षिक अनुभवों के साथ-साथ कौशलों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। शिक्षा और कौशल, दोनों का संबंध होना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने पूरे पोटेंशियल को प्राप्त कर सके और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। आज की तारीख में, शिक्षा का महत्व और आवश्यकता स्वभाविक रूप से स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह उतना ही महत्वपूर्ण है कि छात्रों को अच्छी नौकरी मिलने में सहायक नहीं हो पा रहा है। इस समस्या का मुख्य कारण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली अधिकतर थ्योरी पर आधारित है, जिससे छात्रों के पास अच्छे कौशल नहीं होते। वर्तमान में, बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा के लिए अधिक प्राथमिकता देते हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौशलों की भी जरूरत होती है। रोजगार के आधारित मॉडल में, छात्रों को सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि उन्हें अपने कौशलों को भी विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कई बार, छात्रों को अच्छे शैक्षिक योग्यता होने के बावजूद अच्छी नौकरी नहीं मिलती, क्योंकि उनके पास उच्च कौशल नहीं होते। यह शिक्षा प्रणाली की एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिसमें छात्रों को नौकरी के लिए तैयार नहीं किया जाता है, बल्कि सिर्फ उन्हें पाठ्यक्रम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को प्रैक्टिकल और कौशल अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। छात्रों को शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशलों का भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक प्रतिष्ठित बन सकें। इसके लिए, सरकार, शैक्षिक संस्थानों, और उद्यमियों के बीच सहयोग और समन्वय की जरूरत है। रोजगार के आधारित मॉडल में छात्रों को कौशलों का विकास करने के लिए शिक्षा प्रणाली को सुधारने की जरूरत है। यह न केवल उनके भविष्य के लिए बल्कि उनके देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। छात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनानछात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनाने के लिए, हमें शैक्षिक पाठ्यक्रम को प्रैक्टिकल और कौशलिक बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। यहाँ शिक्षा प्रणाली को अद्यतन करने के लिए विभिन्न उपाय हो सकते हैं, जैसे कि औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास कक्षाएं, और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विशेषाधिकार देना। साथ ही, छात्रों को अधिक व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी देना चाहिए, जैसे कि इंटर्नशिप और उद्यमिता के कार्यक्रम।

## नई शिक्षा नीति दे रही उद्यमिता को बढ़ावा

इसके अलावा, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों को संबंधित उद्योगों के साथ सहयोग करने का अवसर देना चाहिए ताकि छात्रों को अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके। इस प्रकार, हम छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने कौशलों का विकास करने में भी सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे समृद्ध और सफल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को कैसे महत्वपूर्ण मानती है, इसे परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह नीति न केवल शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाती है, बल्कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रस्तावों को समेटती है। उद्यमिता न केवल रोजगार सृजन का माध्यम है, बल्कि समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले तो, नीति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रोग्राम और कोर्सों को शामिल किया है। इससे छात्रों को व्यावसायिक दक्षता और कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने विचारों को व्यावसायिक धाराओं में परिणत कर सकते हैं। दूसरे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को समर्थ बनाने के लिए कैरिक्युलम को भी अद्यतन किया है। नये कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के माध्यम से, विद्यार्थी अपने अनुप्रयोगात्मक कौशलों को विकसित करते हैं, जो उन्हें अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। तीसरे, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने संस्थानों को उद्यमिता और नई विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको सहायक कार्यक्रम और अनुसंधान के लिए साधनों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया है। इससे संस्थानों को छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में नई और नवाचारी विचारों को विकसित करने का अवसर मिलता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

**खबर संक्षेप**

## छात्राओं ने गतिविधियों में दिखाई प्रतिभा



**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां के विधि विभाग के लैंग्वेज कंपीटेंसी क्लब द्वारा विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद प्रस्तुति में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विधि विभाग के बीए-एलएलबी तथा बीबीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष के कुल150 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्हें आठ टीमों में विभाजित किया गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहे।

## कोचिंग सेंटर के निकट 10वीं कक्षा का छात्र पीटा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा थाना क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर के बाहर हुए झगड़े में 16 वर्षीय लड़के की बुरी तरह से पिटाई की गई है, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सात से आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हालांकि, अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। शिकायतकर्ता दसवीं कक्षा का छात्र है। उसने पुलिस को बताया कि 15 अप्रैल को शाम पांच बजे के करीब जब वह अपने कोचिंग सेंटर के बाहर था तो कुछ लोगों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि मैंने उनसे मेरे प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल न करने के लिए कहा कि जिसके बाद मैं कोचिंग सेंटर के अंदर चला गया।

## भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ मनाएगा हिंदू नववर्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ द्वारा 21 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हिंदू नववर्ष उत्सव मनाया जा रहा है तैयारियों को लेकर प्रवीण शंकर कपूर एवं मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर में अगर लोग अंग्रेजी का नया साल, क्रिसमस डे इत्यादी मनाते हैं तो लोगों को हिंदू नववर्ष को मनाना चाहिए और इसी को लेकर दिल्ली भाजपा हर साल हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम धूमधाम से मनाएगी। प्रेसवार्ता में मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल भी मौजूद थे। करनैल सिंह ने कहा कि देश के 31 बड़े महामंडलेश्वर सहित 5000 से अधिक संत महात्मा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

# श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी- दुविधा का हलः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दहिया कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ धूमधाम से किया गया। शुक्रवार सुबह दहिया कॉलोनी से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो भर्मण करते हुए वापिस कथा स्थल में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई। इस अवसर पर कथावाचक वैभव भारद्वाज महाराज पंहुचें।

इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। इस अवसर पर प्रवीण दहिया, संदीप शर्मा, राम यादव, दीपक पांचाल, मंजीत दहिया, देवेंद्र कुहाड़, मोहित राठी, सूरत राजपूत, दीपक दलाल, दीपक सोनी, उत्तम भनवाला, सुरेंद्र तोमर आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही कल्याण संभव



**सोनीपत।** कलश यात्रा में शामिल पूर्व मंत्री साथ में अन्य महिलाएं।



**सोनीपत।** निशान यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

### धार्मिक कार्यक्रमों से समाज संगठित : देवीदास



**सोनीपत।** भजन और कीर्तन के माध्यम से हम आत्मा को शांति और संबल प्रदान कर रहे हैं, जिससे हम सभी मिलकर समृद्धि की ओर बढ़ सकते हैं। उक्त शब्द भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास ने शहर के मॉडल टाउन स्थित श्री सद्गुरु धाम में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजनों के संबोधन में कहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला प्रवक्ता तरुण देवीदास पहुंचे उपस्थित गुरुओं से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेता द्वारा भक्तजनों के साथ जय श्री राम के नारे लगाए। कथा वाचक महात्मा दिव्यानंद महाराज द्वारा सुनाई गई कथाओं द्वारा सबका मन मोह लिया। इस मौके पर आयोजकों ने तरुण का पटका पहना कर स्वागत किया। लक्ष्य, कृष्ण पपेजा, सुरेन्द्र खुराना, सतीश बतरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एकादशी पर निकाली निशान यात्रा, भव्य स्वागत

**सोनीपत।** चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी (कामदा एकादशी) के पावन अवसर पर शुक्रवार को शिव मंदिर सुधार समिति नरेंद्र नगर ने शिव मंदिर नरेंद्र नगर से श्री खाटू श्याम मन्दिर सोनीपत तक निशान यात्रा जोगिन्द्र मोर और लक्ष्मी नारायण भारद्वाज के नेतृत्व में निकाली गई। यात्रा को शिव मंदिर से मन्दिर समिति के अध्यक्ष सूरजभान चहल ने झंडी दिखा कर रवाना किया। श्रद्धालुजन श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए श्री खाटू श्याम मन्दिर पहुंचे, जहां खाटू श्याम मन्दिर समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। सारे रास्ते यात्रा की व्यवस्था बनाने का काम विजय वर्मा और विक्रम गर्ग ने किया। मन्दिर समिति के प्रबंधक आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताया कि अब यह निशान यात्रा हर महीने शिव मन्दिर नरेंद्र नगर से श्री खाटू श्याम मंदिर सोनीपत धाम तक निकाली जाएगी। जिसका उद्देश्य लोगों में सनातन परंपरा का विस्तार और लोगों में हिंदुत्व की भावना को बढ़ाना है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

- सह-पाठयक्रम गतिविधियों के महत्व पर अंतदृष्टि सांझा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के वार्षिक उत्सव युगांतर, बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप की औपचारिक प्रज्वलन से किया गया। उद्घाटन समारोह में छात्रों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इसके अलावा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर गेटवे एजुकेशन के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन राकेश अग्रवाल ने समग्र विकास को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभाओं को पोषित करने में इस तरह की उत्सवों के महत्व पर जोर दिया। वही, गेटवे एजुकेशन के महानिदेशक डॉ. कर्नल अमिक गर्ग ने जीवन के उद्देश्य को आकार देने में सह-पाठयक्रम गतिविधियों के महत्व पर अपनी अंतदृष्टि सांझा की। जीआईईटी के प्रिंसिपल डॉ. विनय सिंघल ने अकादमिक उत्कृष्टता के पूरक और छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में पाठ्येतर गतिविधियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। गेटवे कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन की प्रिंसिपल प्रोफेसर राधिका नागपाल ने आर्किटेक्चर और डिजाइन के क्षेत्र में रचनात्मकता और नवाचार के महत्व को सामने रखा।

### फोन पर गाली-गलौच और धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव निरथान में अधिवक्ता को फोन पर गाली-गलौच करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। अधिवक्ता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव निरथान निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह जिला न्यायालय में अधिवक्ता के तौर पर काम करता है। गत 17 अप्रैल को देर शाम उसके पास कॉल आई। कॉलर बोला कि वह गौरव पुत्र कष्ण बोल रहा है। तूझे जान से मारर दूंगा, जिंदा नहीं छोड़ूगां। उसे घर के अंदर घुसकर मारेगा। उसके साथ अभद्रता करने लगा। उसके बाद उसने डायल-112 पर कॉल करके मामले को लेकर अवगत करवाया। पुलिस मौके पर पहुंची। जहां आरोपित के पिता ने पुलिस कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जिले में 162293 एमटी गेहूं की खरीद

- सोनीपत अनाज मण्डी में 15882 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में गुरूवार रात तक 162293 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। विभिन्न मंडियों में पहुंचे 162293 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 50152 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 65175 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 43624 तथा एफसीआई द्वारा की गई 3342 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 520 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केन्द्र पर 420 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 120 मीट्रिक, दतौली खरीद केन्द्र पर 2946 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 540 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 17733 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मण्डी में 62632 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द्र पर 3150 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 1485 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद केन्द्र पर 3557 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मण्डी में 20055 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 2800 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 5349 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 4420 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 6612 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 4287 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 2100 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 4883 मीट्रिक टन, सोनीपत साईलो पर 2802 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 15882 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

### विद्यार्थियों को दी मिशन वात्सल्य की जानकारी

**खरखौदा।** जिला बाल सरंक्षण अधिकारी के आदेशानुसार प्रताप स्कूल खरखौदा की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को पॉक्सो एक्ट, स्पॉन्सरशिप व मिशन वात्सल्य स्कीम से अवगत कराया गया। विद्यालय की पॉस्को कमेटी के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश जैन ने विद्यार्थियों को पॉस्को एक्ट की जानकारी देते हुए समाज में बढ़ते हुए शारीरिक शोषण के कारण और उनके निवारण के प्रति जागरूक किया गया। पॉस्को अधिनियम को बच्चों के हित और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बच्चों को यौन अपराध, यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से संरक्षण प्रदान करने के लिए साल 2012 में लागू किया गया था। उन्होंने बताया कि पॉस्को एक्ट जैंडर न्यूट्रल है, जिसमें18 वर्ष से कम उम्र के छात्र और छात्राओं का अवांछनीय शारीरिक शोषण से संरक्षण निहित है। इस एक्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक व मानसिक विकास करना है। विद्यालय में पॉक्सो एक्ट से संबंधित कष्ट निवारण कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विद्यार्थी परस्पर पर सौहार्दपूर्ण, मैत्री भाव से रहें और यदि वे किसी आपत्तिजनक स्थिति का आभास करें।

# जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव

- तीन से नौ लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ नौकरी का ऑफर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्ज कालेज के बीबीए विभाग ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाते छात्राओं को पढ़ाई के साथ ही रोजगार हासिल करने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया, जिसमें सहयोगी कंपनी टीसीएस ने छात्राओं को तीन से नौ लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ नौकरी का ऑफर दिया। प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते छात्राओं को इस प्रकार के अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के संयोजक एवं बीबीए विभागाध्यक्ष डा. प्रवीण शर्मा ने बताया कालेज की प्लेसमेंट सैल के सहयोग से आयोजन करवाया गया। टीसीएस ने ट्रेनीज पोस्ट के लिए छात्राओं का चयन किया, जिनके लिए 26 अप्रैल को इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। टीसीएस की प्रोग्राम डायरेक्टर ज्योत्सना ने छात्राओं का चयन किया। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने चिन्हित को विशेष रूप से बधाई दी। विशेष सहयोगी रहे बीबीए विभाग की प्राध्यापिका आस्था बतरा, मीनाक्षी, भरत सिंह सैनी, महिमा हुड्डा, राकेश जुनेजा आदि ने भी चयनित छात्राओं को बधाई दी।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते कॉलेज स्टाफ।

# टेक्निकल क्विज में छाई बिट डेवलेपर टीम

## विद्यार्थियों को बिट डेवलपर और कोडर कुकीज से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में टेक्निकल क्विज का आयोजन कॉलेज शिक्षिकाएं चारू जैन और कीर्ति वशिष्ठ द्वारा किया गया। इस क्विज में बीसीए और एमसीए के बच्चों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को बिट डेवलपर और कोडर कुकीज से नवाजा गया। सभी विद्यार्थियों से डाटा साइंस, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित प्रश्न पूछे गए और विद्यार्थियों को इसकी उपयोगिता से भी अवगत करवाया गया कि आज के आधुनिक युग में यह कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस क्विज में बिट डेवलेपर टीम विजेता रही। इस टीम को कॉलेज निर्देशिका डॉ. शिवानी ठाकुर ने ट्रॉफी और सर्टिफिकेट वितरित किए। इस अवसर पर हेड ऑफ डिपार्टमेंट पूनम माथुर भी उपस्थित रही।




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ।



**गोहाना।** बच्चों में स्टेशनरी वितरित करते महासभा के प्रतिनिधि। *फोटो : हरिभूमि*

### अनुसूचित समाज महासभा ने बच्चों में स्टेशनरी बांटी

**गोहाना।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर घोषित कार्यक्रम के अनुसार पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा गोहाना के द्वारा कई राजकीय विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों में स्टेशनरी वितरित की गई। महासभा द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुढा में 50, राजकीय प्राथमिक पाठशाला देबीपुरा में 50, राजकीय प्राथमिक पाठशाला वजीरपुरा में 65, राजकीय प्राथमिक पाठशाला बीचपडी में 65 व राजकीय प्राथमिक पाठशाला गंगेशर में 45 छात्र एवं छात्राओं को कॉपी और पैन वितरित किए गए। कार्यक्रम में महासभा के संरक्षक शमशेर भंडेरी, सुभाष भट्टी और अध्यक्ष धुलाराम ने छात्रों में पहुंचकर सेवा की।

### विद्यार्थियों ने किए बाबाधाम के दर्शन...

सोनीपत। श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा कक्षा प्री नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए बाबाधाम मंदिर दर्शन का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने बाबाधाम में विराजमान सभी देवी देवताओं के दर्शन किए। इसके उपरांत अध्यात्म से जुड़ते हुए हरे कृष्ण हरे रामा की धुन कर कीर्तन व नृत्य किया। मंदिर के पुजारी ने सत्संग के माध्यम से विद्यार्थियों को परमात्मा के प्रति विश्वास करने के साथ साथ स्वयं पर विश्वास करना, अच्छे कर्म करना तथा माता पिता का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुच्छल ने सभी विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य व सुखद भविष्य की कामना की। *फोटोःहरिभूमि*



**कार्यक्रम** | हिंदू कॉलेज में तीन दिवसीय विदाई समारोह का दूसरा दिन

बेस्ट परफॉर्मर ललित, सोनिया, मोस्ट टैलेंटेड मोहित, तनु को चुना

# छात्रों को जीवन में सफलता के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया

- बीकॉम, बीबीए और एम काम के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू कॉलेज सोनीपत में तीन दिवसीय /"विदाई समारोह /" उत्सव में आज दूसरे दिन कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग के बीकॉम, बीबीए और एम काम के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। समारोह का आगाज प्राचार्य एसके जावा के संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उप प्राचार्य दिनेश मदान, कॉमर्स विभाग की डीन व अध्यक्षा डा. सीमा गर्ग और मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की अध्यक्षा डा. योगिता ने भी सभी छात्रों को आशीर्वाद दिया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीकॉम में मिस्टर फेयरवेल चिराग और मिस फेयरवेल अनु राजपूत को बनाया गया।

बीबीए में यह खिताब निखिल और कुसुम को तो एम.काम में यह खिताब कमल और कंचन को दिया गया। बेस्ट परफॉर्मर ललित, सोनिया, मोस्ट टैलेंटेड मोहित, तनु को चुना गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अनीता फोर ( रसायन विभाग), डॉ. रजनी गुप्ता (गणित विभाग) व निधि गुप्ता (कंप्यूटर विभाग) ने निभाई। मंच संचालन डॉ. मनीषा गुप्ता व डा शालू कत्याल ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के टीचिंग एंड नॉन टीचिंग स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे।




**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज में विदाई समारोह के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थीगण। *फोटो :हरिभूमि*

# डीएनडी पुलः डिवाइडर से टकराई कार, दो की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/नोएडा

एनसीआर में नोएडा जिले में थाना फेस- वन क्षेत्र के डीएनडी पुल पर शुक्रवार को तड़के एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने पर कार सवार एक युवती समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि शुक्रवार तड़के थाना पुलिस को एक कार के डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस हादसे में सिद्धार्थ यादव (उम्र 25 वर्ष), रजत (उम्र 30 वर्ष), चिराग सिंघल (उम्र 26 वर्ष) तथा प्रांकाशिका (उम्र 25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 27 में स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान सिद्धार्थ यादव और चिराग सिंघल ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शेष दो घायलों में से एक की हालत अत्यंत नाजुक है। थाना प्रभारी के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार तेज गति से आ रही थी अनियंत्रित होकर डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा गई।



### हादसे के बाद पुल पर यातायात रहा बाधित

हादसे के बाद पुल पर यातायात बाधित हो गया और जाम की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को वहां से हटवाया तथा यातायात सामान्य किया।

**खबर संक्षेप**

## बिजली ठेकेदार के घर से एल्यूमिनियम स्क्रेप चोरी

**गन्नौर।** लाला गढ़ी में बिजली ठेकेदार के घर में बने स्टोर से एल्यूमिनियम स्क्रेप से भरे कट्टे चोरी हो गए। बिजली ठेकदार ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में लाला गढ़ी के रहने वाले बिजली ठेकेदार दयानंद शर्मा ने बताया कि उसने मकान में अंदर बिजली सामान का स्टोर कर रखा है। पिछले दिनों वह अपने मकान के अंदर कमरे में सो रहा था। जब वह उठा तो उन्होंने देखा कि मकान के बहार के आंगन में दो कुर्सियां दिवार के साथ लगी हुई थी।

## उत्पीड़न छोड़ कर बातचीत का रास्ता अपनाएं : अशोक

**गोहाना।** ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष और सांझा मोर्चा के सदस्य अशोक खोखर ने शुक्रवार को रोडवेज के रोहतक डिपो के जीएम को परामर्श दिया कि वह उत्पीड़न छोड़ कर बातचीत का रास्ता अपनाएं और कर्मचारियों की समस्याओं का निपटान करें। अशोक खोखर शहर के बस स्टैंड पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके अनुसार 9 दिन से रोडवेज के जीएम कार्यालय में रोहतक में धरना चल रहा है। जी.एम. तबादलों से कर्मचारी नेताओं को परेशान कर उनका मनोबल तोड़ना चाहते हैं और आंदोलन को छिन्न-भिन्न करना चाहते हैं।

## चुनाव जागरूकता के दृष्टिगत कराई प्रतियोगिता

**खरखौदा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के तहत जागरूकता फैलाने के लिए स्वीप के तहत विद्यार्थियों की पोस्टर मेकिंग व स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने हिस्सा लेते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर प्राचार्या निर्मल धनेरवाल ने कहा कि वे आगामी चुनाव में वोट डालने से वंचित ना रहे और जागरूक नागरिक होने का परिचय दें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट देकर ही इस पर्व को मजबूती प्रदान की जा सकती है। इसलिए जरूरी है कि सभी विद्यार्थी अपने परिजनों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रियंका और धनराम द्वारा निभाई गई।

### गेहूं की आवक के साथ खरीद व उठान समेत किसानों को भुगतान इत्यादि व्यवस्थाओं की समीक्षा की

# एफसीआई के सीएमडी ने अनाज मंडियों सहित मोहाना साइलो का किया निरीक्षण

### मोहाना साइलो में किसानों को दें प्राथमिकता, न करना पड़े व्यर्थ का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत





**सोनीपत।** नई अनाज मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे अशोक कुमार व अन्य, कांटे पर बोरी का तोल चैक करते हुए।

एफसीआई, नई दिल्ली के सीएमडी अशोक कुमार मीणा ने गन्नौर व सोनीपत की नई अनाज मंडियों सहित मोहाना साइलो का दौरा करते हुए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं का गंभीरता से निरीक्षण किया। उन्होंने मोहाना साइलो के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को प्राथमिकता दी जाए। व्यर्थ में किसानों को इंतजार न करना पड़े। इसके लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक कदम उठायें। सीएमडी अशोक कुमार मीणा ने दौरे की शुरूआत गन्नौर की नई अनाज मंडी के निरीक्षण के साथ की। जहां उन्हें जानकारी दी गई कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 5685 किसानों ने पंजीकरण करवाया है। मंडी में करीब 18175.6 एमटी गेहूं की आवक हुई है जिसमें से खरीद एजेंसियों हैफेड व डीएफएससी द्वारा 17883.4 एमटी की खरीद की जा चुकी है। इसमें हैफेड द्वारा 4435.65 एमटी तथा डीएफएससी द्वारा 3469.8 एमटी गेहूं का उठान किया जा चुका है। साथ ही हैफेड व डीएफएससी द्वारा खरीदी गई फसल का भुगतान भी कर दिया गया है। सीएमडी ने पूरी मंडी परिसर का दौरा करते हुए हर प्रकार की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने हर प्रकार की व्यवस्थाओं की जांच उपरांत संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीएमडी अशोक कुमार मीणा मोहाना स्थित साइलो पहुंचे, जहां उपायुक्त डा. मनोज कुमार के साथ उन्होंने हर प्रकार की स्थिति का गंभीरता से जायजा लिया। उन्होंने साइलो के बाहर ट्रेक्टरों में इंतजार कर रहे किसानों से भी सीधी बातचीत की। साथ में उन्होंने आढ़तियों से भी बात करते हुए साइलो में अधिकाधिक किसानों को फसल लाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने साइलो अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि किसानों को बेवजह इंतजार न करना पड़े, जिसके लिए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। इस पर उन्हें बताया गया कि गेट-पास वाली साइट स्लो होने के कारण आज थोड़ी समस्या उत्पन्न हुई है अन्यथा पांच मिनट से अधिक किसी को नहीं रूकना पड़ता। इसके पश्चात सीएमडी अशोक कुमार मीणा सोनीपत की नई अनाज मंडी में पहुंचे, जहां वे पूरी मंडी का निरीक्षण कर किसानों व आढ़तियों से रू-ब-रू हुए। पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल व संजय वर्मा ने विस्तार से पूर्ण जानकारी दी। सीएमडी ने मंडी में गेहूं की आवक से लेकर खरीद और उठान इत्यादि व्यवस्थाओं की गंभीरता से पड़ताल की। उन्होंने फसल की गुणवत्ता की भी जांच की। साथ में उन्होंने किसानों व आढ़तियों की मांग व समस्याओं की जानकारी भी ली, जिस पर स्थिति पूर्णरूप से संतोषजनक मिली। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सोनीपत की मंडी सहित पूरे जिले की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए आशा जताई कि गत वर्ष की तुलना में इस बार आवक अधिक होगी। इसके लिए जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान एफसीआई हरियाणा की जीएम शरणदीप कौर बराड़, उपायुक्त डा. मनोज कुमार, एसडीएम डा. निर्मल नागर, एसडीएम अमित कुमार, डीएफएससी बिंशल सहरावत, हैफेड के डीएम उमाकांत, मार्केट कमेटी सचिव ज्योति मोर आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



**गन्नौर।** मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान आकाशदीप का नोटो की माला पहनाकर स्वागत करते हुए।

## युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा आकाशदीप : देवेंद्र कादियान

- यूपीएससी परीक्षा पास करने पर आकाशदीप को देवेंद्र कादियान ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

शहर में शास्त्री नगर के आकाशदीप पुत्र सुशील राजकमल ने कड़ी मेहनत कर यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में 166 वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस सफलता पर परिजनों व परिचितों में प्रसन्नता है। शुक्रवार को मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने आवास पर पहुंच कर आकाशदीप का माला पहनाकर स्वागत किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

देवेंद्र कादियान ने बताया कि होनहार स्टूडेंट्स का यूपीएससी परीक्षा पास करना गन्नौर क्षेत्र के युवाओं के लिए आकाशदीप भविष्य में प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। युवा पीढ़ी पर ही भारत के विकास को नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। कादियान ने कहा कि एक अधिकारी के रूप में आप कमजोर वर्ग के लोगों की समस्याओं का विशेष रूप से समाधान करने का कार्य जरूर करना।

वहीं यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले आकाशदीप ने परीक्षा की तैयारी, इंटरव्यू, विषय चयन इत्यादि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 4 माह भारत पेट्रोलियम में जॉब करने के बाद यूपीएससी परीक्षा की तैयारी में जुट गया। शुरूआत में 4 बार असफलता मिली, कमजोरी को दूर कर प्रयास जारी रखा।

मेरा विजन पहले से ही क्लियर था कि प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में ही जाना है। खुशकिस्मत रहा कि जो सोचा, उस तक पहुंच गया। घरवालों ने भी पूरा सपोर्ट किया। इस अवसर पर ममता, सुशील उर्फ राजकमल, अंकुशदीप, सुनील लंबू, विवेक कादियान, चांद राठी आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में प्रतियोगिताओं की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

पिपली के शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा के निर्देशन में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें पोस्टर बनाओ, नारा लेखन, कविता वाचन, भाषण, निबंध लेखन प्रतियोगिता शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं के विषय सामाजिक तथा विभिन्न प्रकार के अधिकार जैसे शिक्षा का अधिकार, महिलाओं के संपत्ति का अधिकार,सूचना का अधिकार आदि रहे। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में अनिल ने प्रथम, अश्वनी ने द्वितीय तथा तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में गौरव ने प्रथम, यश ने द्वितीय तथा यशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में गौरव ने प्रथम , बीकॉम द्वितीय वर्ष के गौरव ने द्वितीय तथा किरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन में अनिल ने प्रथम , कविता ने द्वितीय तथा यशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । निबंध लेखन में वंश ने प्रथम , पायल ने द्वितीय तथा हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राएं आगामी जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करेंगे।



**खरखौदा।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# जिला सड़क सुरक्षा कमेटी ने की मासिक बैठक

- सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों की अवेहलना करने वाले स्कूली वाहनों पर की जाएगी कड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण।

लघु सचिवालय में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि स्कूल वाहन के कारण होने वाली सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन सजग एवं सतर्क है। उन्होंने आरटीए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों की अवेहलना करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए स्कूल वाहनों के चालान करें और आवश्यकता पड़ने पर उनके वाहनों को जब्त करें। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तय नियमों की पालना हर हाल में करनी होगी, अवहेलना पर कोई माफी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी, इसलिए निरंतर स्कूली वाहनों की चैंकिग करें। उपायुक्त ने कहा कि शहर में ऐसे स्कूल में है, जिनमें स्कूली वाहन नहीं है ऐसे भी बच्चे ऑटो व वैन के माध्यम से स्कूलों में पहुंचते है। उन्होंने कहा कि इन वाहनों की भी निरंतर चैकिंग करें कि ये वाहनों में क्षमता से ज्यादा बच्चों को न बैठाए अगर कोई ऐसा करता पाया जाता है तो पुलिस विभाग उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस मामले के संदर्भ में सभी स्कूलों में पीटीएम करवाना सुनिश्चित करें ताकि ऑटो या वैन के माध्यम से स्कूल पहुंचने वाले बच्चों के अभिभावकों को यह ध्यान दिलावा जा सके कि वे जिस वाहन में अपने बच्चे को स्कूल भेज रहे हैं वह सुरक्षित भी है या नहीं।

बैठक में उपायुक्त सडक दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जाए, ताकि लोगों के जान-माल की हानि न हो। इसके लिए हर जरूरी कदम उठायें। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि हिट-एंड-रन दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को हिट-एंड-रन दुर्घटना मुआवजा स्कीम-2022 के तहत दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

## मेडिकल टीचर्स एसो. ने निदेशक को दिया ज्ञापन

**गोहाना।** मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ऑफ बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां की टीम ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. जेसी दुरेजा को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि महिला मेडिकल कॉलेज में स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी को नई भर्तियों से जल्दी से जल्दी दूर किया जाए। टीम का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ने किया। टीम में महासचिव डॉ. पुष्पेंद्र मलिक के साथ डॉ. प्रवीण राणा, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. सुनीता सिवाच, डॉ. सुनीता मलिक, डॉ. सर्वेश कुमार, डॉ. चिरंजीव गठवाल, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. प्रतीक कुमार और डॉ. चंद्रभान थे। एसोसिएशन ने चुनाव आयोग और प्रदेश के मुख्य सचिव के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के बावजूद चुनाव ड्यूटी लगाए जाने का कड़ा विरोध किया। वेतन निर्धारण और टी.ए. बिलों के भुगतान में विलंब पर रोष व्यक्त किया गया। अर्जित अवकाशों की त्रुटियों को दुरुस्त न किए जाने, नियमानुसार अकादमिक अवकाश आवंटित न होने, एलआरए में समय अनुसार बढ़ोत्तरी न होने पर एतराज किया गया।



**गोहाना।** महिला विवि में मशरूम उत्पादन पर आयोजित विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान वक्ता।

## मशरूम की खेती व इससे जुड़े पहलुओं की दी जानकारी

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के छात्र कल्याण विभाग द्वारा कॉमर्स विभाग में मशरूम उत्पादन विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यम का आयोजन किया गया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्य वक्ता मशरूम फॉर्म संचालक डॉ. सोनिया दहिया ने विद्यार्थियों को मशरूम की खेती और इससे जुड़े विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से मशरूम कल्टीवेशन के विविध चरणों जैसे कंपोस्ट प्रीप्रेशन, स्पानिंग, केसिंग, पिनिंग, क्रॉपिंग व पैकिंग की जानकारी दी और छात्राओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। वे बोले कि अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विजेता हुए सम्मानित

- बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोहाना के मुक्केबाजों के मुक्के खूब चले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



**गोहाना।** पदक विजेताओं को आशीर्वाद देते हुए अरुण बड़ौक व अन्य।

खेलो इंडिया आरईसी कम्पाइंड राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियपशिन में बॉक्सिंग क्लब गोहाना के खिलाड़ियों के मुक्के खूब चले। चैंपियनशिप के क्लब के मुक्केबाजों ने 2 स्वर्ण पदक सहित पांच पदक जीत कर अपने मुक्के का दम दिखाया। शुक्रवार को पदक विजेताओं को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं गोहाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य व अरुण बड़ौक रहे। 8 से 15 अप्रैल तक साई एनबीए रोहतक में राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में मयूर से 80 से 86 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक, निखिल से 75 से 80 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक, प्रिंस ने 70 से 75 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक, महिला वर्ग में रजनी ने 70 से 75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक और रितिका ने 52 से 54 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमा लिया। समारोह में सूबेदार राजू, अनिल पूनिया, सुंदर लाल, वतन मलिक, रणबीर सैनी, सुरेश मलिक, जोगेंद्र सैनी, विकास सैनी, योगेंद्र फौगाट और देवेंद्र देशवाल ने पदक विजेताओं को अपना आशीर्वाद दिया।

## नेशनल हाइवे खुलवाने की मांग को लेकर शुरू किया सत्याग्रह



**सोनीपत।** नेशनल हाइवे पर सत्याग्रह प्रदर्शन करते हुए।

**सोनीपत।** दिल्ली हरियाणा सीमा पर पिछले दो महीने से अधिक समय से बंद रखे गए राष्ट्रीय राजमार्गों को खुलवाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के सत्याग्रहियों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर कुंडली में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह प्रदर्शन शुरू कर दिया। पार्टी महासचिव रविंद्र जठेड़ी ने बताया कि लम्बे समय से बंद रखे गए राष्ट्रीय राजमार्गों को खुलवाने की मांग को लेकर क्षेत्र की जनता लगातार शासन प्रशासन से गुहार लगा रही है। पार्टी ने 4 अप्रैल को राष्ट्रपति को मेल भेज कर राष्ट्रीय राजमार्गों को तुरंत खुलवाने की मांग उठाई थी और राजमार्ग ना खुलने की स्थिति में 19 अप्रैल से कुंडली बॉर्डर पर सत्याग्रह प्रदर्शन शुरू करने का अल्टीमेटम भी दिया था। इसी के अनुसार शुक्रवार सुबह 11:15 बजे से सत्याग्रह प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। सत्याग्रहियों ने राजमार्गों को शीघ्र और पूर्ण रूप से खोलने संबंधी अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### मतदान करना है हमारा हक-जरूर डालें हम अपना मतः सीएमओ डॉ. जयकिशोर

# चुनाव में शत प्रतिशत वोट के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में मतदाताओं को लोकसभा आम चुनाव-2024 में अपने मत का शत प्रतिशत के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत वोट डालने को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शपथ ली। वहीं मतदान को लेकर दूसरों को जागरूक करने की बात कही।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर ने कहा कि मतदान करना हम सभी का हक है। इसलिए हम सभी को अपना मत जरूर डालना चाहिए। मतदान करने से जहां आपका आत्मविश्वास प्रबल होगा, वहीं देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन भी होगा। मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। अगर आप वोट नहीं डालोगे तो लोकतंत्र में अपनी भागीदारी से भी चूक जाओगे। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा। इसके लिए आप सभी के अंदर एक उत्साह होना चाहिए।



**सोनीपत।** स्वास्थ्य कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी।

## लोकतंत्र के महापर्व में सभी करें शत प्रतिशत मतदान

**गोहाना।** स्थानीय गीता विद्या मंदिर में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता सद्भावना प्रांत प्रमुख शशि भूषण ने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य है कि हर नागरिक मतदान अवश्य करे। अपने वोट का सोच विचार कर सदुपयोग करें ताकि लोकहित सर्वोपरि रहे। इस पवित्र कार्य के लिए हमें सबको छोटी-छोटी टोली बनाकर जागरूकता फैलाने का कार्य करना होगा तभी सही अर्थों में मतदान शत प्रतिशत उचित दिशा में संभव होगा। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा ने मतदान के लिए लोकतंत्र का महापर्व गीत सुनाकर मतदान करने का उद्देश्य स्पष्ट किया। समारोह में डॉ. मुकेश एवं विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने शशि भूषण को उत्तरीय श्रीफल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



**गोहाना।** अतिथियों को सम्मानित करते हुए डॉ. मुकेश व प्राचार्य अश्विनी कुमार।